Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 10 | शून्य के दूसरी ओर

## QUIZ-01

1. **संख्या रेखा पर 0 के बाईं ओर कौन-सी संख्याएँ होती हैं?**
A. धनात्मक संख्याएँ
B. ऋणात्मक संख्याएँ
C. भिन्न संख्याएँ
D. केवल प्राकृतिक संख्याएँ (B)

*व्याख्या:* संख्या रेखा पर 0 के बाईं ओर −1, −2, −3 आदि ऋणात्मक संख्याएँ होती हैं।

2. **शून्य किस प्रकार की संख्या है?**
A. केवल धनात्मक
B. केवल ऋणात्मक
C. धनात्मक और ऋणात्मक दोनों
D. न धनात्मक, न ऋणात्मक (D)

*व्याख्या:* शून्य न तो धनात्मक संख्या है और न ही ऋणात्मक संख्या।

3. **भूतल से तीन तल नीचे जाने को कैसे लिखेंगे?**
A. +3
B. −3
C. 0
D. +1 (B)

*व्याख्या :* नीचे की दिशा ऋणात्मक चिह्न से दिखाई जाती है, इसलिए तीन तल नीचे जाना −3 है।

4. **किसी संख्या के आगे '+' चिह्न लगा हो तो वह क्या कहलाती है?**
A. ऋणात्मक संख्या
B. धनात्मक संख्या
C. भिन्न
D. शून्य (B)

*व्याख्या :* '+' चिह्न वाली संख्या धनात्मक संख्या कहलाती है।

5. **+3 का योज्य प्रतिलोम क्या है?**
A. +3
B. −3
C. 0
D. +6 (B)

*व्याख्या :* किसी संख्या और उसके योज्य प्रतिलोम का योग शून्य होता है; (+3) + (−3) = 0।

6. **(−2) + (+2) का मान क्या होगा?**
A. −4
B. −2
C. 0
D. +4 (C)

*व्याख्या :* −2 और +2 एक-दूसरे के योज्य प्रतिलोम हैं, इसलिए उनका योग 0 है।

7. **निम्न में से कौन-सी संख्या सबसे छोटी है?**
A. −2
B. 0
C. +3
D. −5 (D)

*व्याख्या :* संख्या रेखा पर जो संख्या अधिक बाईं ओर होती है, वह छोटी होती है। इसलिए −5 सबसे छोटी है।

8. **शून्य सहित धनात्मक और ऋणात्मक संख्याएँ क्या कहलाती हैं?**
A. भिन्न
B. पूर्णांक
C. अभाज्य संख्याएँ
D. गणन संख्याएँ (B)

*व्याख्या :* ...−3, −2, −1, 0, +1, +2, +3... सभी पूर्णांक हैं।

9. **एक धनात्मक और एक ऋणात्मक टोकन मिलकर क्या बनाते हैं?**
A. धनात्मक जोड़ा
B. ऋणात्मक जोड़ा
C. शून्य जोड़ा
D. समान जोड़ा (C)

*व्याख्या :* एक धनात्मक और एक ऋणात्मक टोकन एक-दूसरे को निरस्त करके शून्य जोड़ा बनाते हैं।

10. **(+5) + (−8) का मान क्या है?**
A. +13 B. +3
C. −3 D. −13 (C)

*व्याख्या :* पाँच धनात्मक और आठ ऋणात्मक टोकनों में पाँच शून्य जोड़े हटाने पर तीन ऋणात्मक टोकन बचते हैं; इसलिए मान −3 है।

मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App